गन्ना सुरक्षण बैठक : घटतौली नहीं रोकने पर आक्रोश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : गन्ना सुरक्षण बैठकों के दूसरे दिन भी निजी मिल मालिकान बहिष्कार पर डटे रहे। गुरुवार को गन्ना किसान संस्थान में आयोजित बैठक में घटतौली न रोके जाने का मुद्दा गर्माया रहा। गन्ना आयुक्त सुभाष चंद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कुल 15 मिलों के गन्ना क्षेत्रफल आवंटन पर चर्चा की गई। सहकारी क्षेत्र की मिलों द्वारा शत-प्रतिशत मूल्य भुगतान किए जाने की सराहना की गई, परंतु निजी मिलों की मनमानी पर नाराजगी जतायी गई। मसौवा समिति के संचालक नृत्य प्रकाश सिंह ने गत वर्ष क्रय केंद्रों में संशोधन करने की मांग की, वहीं गोंडा समिति के विजय मिश्र का कहना था कि कुंदरखी चीनी मिल को आवंटित क्रय केंद्रों का संचालन नहीं हो सका, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उनका कहना था कि आवंटित केंद्र नहीं चलाने वाली मिलों पर सख्त कार्रवाई की जाए। किसानों ने क्रय केंद्रों पर घटतौली की समस्या पर अंकुश न लग पाने का मुद्दा भी जोरों से उठाते हुए दोषी कर्मचारियों और अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। संयुक्त गन्ना आयुक्त वीके शुक्ला के संचालन में आहूत बैठक में दूसरे दिन भी निजी चीनी मालिकान ने शिरकत नहीं की। किसानों में बकाया गन्ना मूल्य भुगतान नहीं होने पर भारी आक्रोश था। किसान संस्थान में शुक्रवार को मेरठ क्षेत्र की सुरक्षण बैठक होगी। मुख्य प्रचार अधिकारी डॉ. भूपेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि बैठक में कुल 16 चीनी मिलों के लिए गन्ना क्षेत्रफल का आवंटन होगा। इनमें एक निगम तथा तीन सहकारी मिलें शामिल है।

DAINIK JAGRAN, 12/09/2014

Pg - 09